के बच्चों की कथित रूप से सीबीआइ कर्मियों द्वारा पिटाई करने की शिकायत भी की गई। जबकि सामने सीबीआइ ने अपने बचाव में इसका खंडन किया।

बता दें कि सीबीआइ ने मामले में भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में शिकायतकर्ता धनास ने सीबीआइ को बताया कि रणदीप राणा सेक्टर 24 चौकी में कार्यरत था। वह उसे बलात्कार के फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर 20 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार इस मामले में पहले रणदीप राणा 10 मार्च को 10 हजार रुपए ले चुका था। वॉट्सऐप कालिंग कर वह

घंटों तक उनके घर में छापेमारी करती रही। रात लगभग 2.30 बजे वह गए। उन्होंने बाद में महिला कर्मी को बुलाया।

शिकायतकर्ता पर पुलिस अफसर से मिलने का दबाव बना रहा था। बाद में रणदीप ने रिश्वत की रकम 1 लाख रुपए कर दी।

शिकायतकर्ता ने कहा कि वह 21 मार्च तक सिर्फ 50 हजार रुपए की व्यवस्था कर सकता है। इस रिकार्डिंग के आधार पर सीबीआइ ने अपनी जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। सीबीआइ ने एफआईआर में शिकायतकर्ता और आरोपी पुलिसकर्मियों के साथ हुई बातचीत का ब्योरा भी भेजा है।

चंडीगढ़, 22 मार्च (जनसत्ता)।

पंजाब सरकार ने बुधवार को विधानसभा में भारतीय वायु सेना स्टेशन हलवारा, लुधियाना में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम शहीद करतार सिंह सराभा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में रखने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इस संबंध में एक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा।

यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को सदन में पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान शहीद को विनम्र श्रद्धांजलि होगी।

# किसानों के नलकूप 'कनैक्शन' जारी करे सरकार : कांग्रेस

चंडीगढ़, 22 मार्च (जनसत्ता)।

हरियाणा में किसानों को नलकूप कनैक्शन नहीं मिलने पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने मांग की कि सरकार सभी लंबित कनेक्शन जारी करे। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां तक कह दिया कि अगर पूरा सदन सहमत हो तो बिना सब्सिडी के कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया जाए। हम सभी कनेक्शन तुरंत जारी कर देंगे।


**फॉर्म-जी**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

**सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी, राजस्थान में रियल एस्टेट में काम कर रहा है**

(दिवाला और शोधन अक्षमता (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमों, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन)

**संबंधित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सीआईएन/पेन के साथ कॉरपोरेट देनदार का नाम | सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड CIN No. U70100HR2013PTC048795 PAN No. AATCS1203P |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | सी- 40 तीसरी मंजिल, व्यापार केंद्र, पालम विहार, गुड़गांव, हरियाणा-122017 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | https://www.sarvawashousingbhiwadicirp.in/ |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | खसरा नंबर 130,132 और 133, ग्राम गडपुर, तहसील तिजारा, जिला अलवर, शहरी क्षेत्र भिवाड़ी, राजस्थान में स्थित "अरावली गार्डन्स" |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | शून्य |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | शून्य |
| 7. | कामगार/कर्मचारियों की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया के बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं: | irpsarvawas@gmail.com पर ईमेल द्वारा प्रस्ताव पेशेवर से मांगा जा सकता है |
| 9. | कोड की धारा 25(2)(एच) के अधीन प्रस्ताव आवेदकों के लिए पात्रता उपलब्ध है | irpsarvawas@gmail.com पर ईमेल द्वारा प्रस्ताव पेशेवर से मांगा जा सकता है |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 07.04.2023 |
| 11. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 17.04.2023 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियों के प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि | 22.04.2023 |
| 13. | ईओआई प्रस्तुत करने की प्रक्रिया ईमेल आईडी | irpsarvawas@gmail.com |

हस्ता/-
परमिन्द्र कुमार भुल्लर
IBBI/IPA-002/IP-N01127/2021-2022/13700
प्रस्ताव पेशेवर
सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत पताः ई-10/313, मंगल पुरी गली, घनुपुर रोड, खंडवाला, पानी की टंकी के पास, अमृतसर- 143104, पंजाब

दिनांकः 23.03.2023
स्थानः अमृतसर


# अंबाला में देह व्यापार समेत आठ यु

अंबाला, 22 मार्च (जनसत्ता)।

अंबाला छावनी में पुलिस ने जिस्मफिरोशी का धंधा चलाने के मामले का पर्दाफाश करते हुए इस सिलसिले में एक महिला और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अंबाला छावनी की एक कॉलोनी में छापा मार कर एक महिला व उसकी दो बेटियों के अलावा अनैतिक धंधे में संलिप्त 8 युवतियों को मौके से गिरफ्तार किया है। एक दलाल के भी पुलिस गिरफ्त में आने की जानकारी मिली है। इसके अलावा पुलिस छापे के दौरान एक महिला मौके से फरार होने में कामयाब हो गई।

पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी

कि अंबाला छावनी
अधेड़ उम्र की महिल
साथ मिलकर जिस्म
रही है। जहां स्थानीय
कई लड़कियां आती

सूचना के आधा
सदस्यों की एक टी
ग्राहक बन कर व
दलाल ने 500-5
किया। जैसे ही पुलि
उपलब्ध करवाई ग
मकान को घेर लिया

इसी बीच पुलिस
और महेश नगर थाना
अगुवाई में वहाँ छापा

## दोनों सरकारों ने हिमाचल के इस कर को गैरका

# पंजाब, हरियाणा

चंडीगढ़, 22 मार्च (जनसत्ता)।

हिमाचल सरकार द्वारा लागू किए गए जल उपकर के विरोध में पंजाब सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित करके इसे वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र को भी भेजा जाएगा। विधानसभा में जब यह प्रस्ताव पारित किया गया तो उस समय विपक्षी दल कांग्रेस के विधायक मौजूद नहीं थे।

हिमाचल सरकार द्वारा हालही में बिजली उत्पादन के लिए पानी के गैर उपयोगी इस्तेमाल करने पर जल कर लगाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। बुधवार को पंजाब विधानसभा में जल संसाधन मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर यह प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि पंजाब का पानी भी अन्य राज्यों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। हिमाचल सरकार के एक तरफ फैसले से

1200 करोड़
पानी के मुद्दे
दबाव में है। 3
पारित करने से

हिमाचल
कुदरती स्रोतों
बिजली उत्पाद
हिमाचल सरक
वाटर डिस्टपू
में कहा गया
माध्यम से पंज
हिस्से में से 7.

गुरमीत सि
गए प्रस्ताव के
कहा कि हिम

JANSATTA
23.03.2023

## संक्षिप्त समाचार

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनने पर वकीलों ने ढोल-नगाडों के साथ मनाया जश्न



सीमा सन्देश संवाददाता

**टोंक।** राज्य विधानसभा में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने के साथ ही पिछले एक माह से हड़ताल पर उतारू वकील बुधवार को काम पर लौटने के साथ ही जमकर जश्न मनाते हुये सीएम गहलोत, मंत्री धारीवाल सहित आन्दोलन में सहयोगी सभी का आभार जताया है। बुधवार को जिला अभिभाषक संघ टोंक के बेनर तले काफी संख्या में वकील अदालत परिसर से घण्टाघर तक ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-कूदते कोर्ट परिसर से घण्टाघर तक विजयी जूलूस निकालकर आतिशबाजी कर मिठाईया बाटी। इस मोके पर अभिभाषक संघ टोंक के अध्यक्ष अक्षय बैरवा, सचिव मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद जांगीड़, महावीर तोगड़ा, सलीम नकवी, सलीम जुबेरी, कैलाश अहलुवालिया, तेजमल जैन, कदीर मियां, सीपी श्रीवास्तव, बृजमोहन शर्मा, बाबूलाल गुनसारिया, विनोद श्रीवास्तव, कमलेश चौहान, तुलसीराम चावला, नीखिल गुप्ता, विजय बहादुर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. अभिषेक शर्मा, हिम्मत सिंह, राकेश शर्मा, मेघराज जाट, सुधीर मिश्रा, कुसुम गुप्ता, रमा चौधरी, रेणु विजयवर्गीय, ललित जग्रवाल, शिवानी गुप्ता, विकास लोदी, पुष्कर सैनी, किरोडीलाल मीना आदि काफी वकील शामिल थे।

### राईट टू हैल्थ बिल के विरोध में पायलट व सोलंकी को सौंपा ज्ञापन



**टोंक (सीमा सनदेश संवाददाता)।** प्रदेश में लागू किए गए राईट टू हैल्थ बिल को चिकित्सकों के अहित वाला बताते हुए निजी चिकित्सको ने टोंक विधायक पूर्व उप–मुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी को जयपुर पहुचकर ज्ञापन सोंपा है। इस मोके पर आईएमए टोंक के प्रवक्ता व उपचार टोंक के अध्यक्ष डॉ. राजीव बंसल, टोंक सेक्रेटरी डॉ. राजेश मालपनी एवं डॉ. सुभाष जैन मौजूद आदि मौजुद रहे। डा. राजीव बंसल ने बताया कि आरटीएच बिल के विरोध में पिछले 3 दिनों से राज्य भर में सारे प्राइवेट हॉस्पिटल हड़ताल पर है। बंसल ने बताया कि सचिन पायलट ने डाक्टरो को सकारात्मक आश्वासन दिया है। इस दौरान कांग्रेस नेता सुनिल बंसल, हंसराज गाता भी मौजूद थे।

### भारतीय नववर्ष पर उत्साह के साथ आमजन का अभिनंदन




सीमा संदेश संवाददाता

**केकड़ी।** नव संवत्सर प्रभारी बंशीलाल जांगिड़ व भंवरलाल बज ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी द्वारा हिंदू नव वर्ष 2080 के प्रारंभ होने पर शहर के सभी प्रमुख चौराहे पर लोगों का तिलक लगाकर व मिश्री व नीम की कोपल के साथ काली मिर्च के प्रसाद से मुंह मीठा करवाया गया। नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश मंत्री, सचिव दिनेश वैष्णव कोषाध्यक्ष भगवान माहेश्वरी, प्रांतीय प्रभारी सर्वेश विजय, संगठन मंत्री सुभाष भाल, कैलाश चंद जैन, रामधन प्रजापति, शिव कुमार बियानी, डॉक्टर विष्णु साहू, श्यामसुंदर मूंदड़ा राजेश विजय सूर्य प्रकाश विजय, निहालचंद मेडतवाल, अमित जैन, महावीर प्रसाद पारीक, नंदलाल गर्ग, श्याम मांहेश्वरी, अशोक सोनी, अनिल राठी सहित अनेक भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे। विशेष रूप से मातृशक्ति ने नववर्ष के स्वागत हेतु बहुत ही उत्साह दिखाया। इस दौरान राधा माहेश्वरी, रुकमणी सोनी, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### कोटा होकर जाने वाली एक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ी

सीमा संदेश संवाददाता

**कोटा।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए सवाई माधोपुर, कोटा एवं रामगंजमंडी होकर जाने वाली एक साप्ताहिक समर स्पेशल गाड़ी संख्या 09739/09740 ढेहर का बालाजी-साई नगर सिरडी- ढेहर का बालाजी के मध्य चलने वाली ट्रेन को दोनों दिशाओं में 09-09 ट्रिप अधिक चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 09739 ढेहर का बालाजी से साई नगर सिरडी के संचालन अवधि को दिनांक 09 जून तक एवं गाड़ी संख्या 09740 साई नगर सिरडी से ढेहर का बालाजी के संचालन अवधि को दिनांक 11 जून तक बढ़ा दिया गया है । गाड़ी संख्या 09739 ढेहर का बालाजी से साई नगर सिरडी के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रत्येक शुक्रवार , गाड़ी संख्या 09740 साई नगर सिरडी से ढेहर का बालाजी के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रत्येक रविवार को अपने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, भोपाल, इटारसी, हरदा, भुसावल, मनमाड़ एवं कोपरगांव स्टेशनों पर रुकेगी । इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते निर्णय लिया गया है।

गुर्जर महासभा के जिला व तहसील पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

# संगठित समाज ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकता है: गुर्जर

सीमा सन्देश संवाददाता

**टोंक।** राजस्थान गुर्जर महासभा टोंक जिला कार्यसमिति की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं महासभा के जिलाध्यक्ष सुरज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में यहा सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर विजय प्राप्त कर सकता है। उन्होने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि राजस्थान गुर्जर महासभा समाज का सबसे पुराना संगठन है। उन्होने कहा कि राजस्थान में गुर्जर आरक्षण की मांग सबसे



पहले इसी महासभा के बैनर तले तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय रामगोपाल गार्ड की अगुवाई में शुरू की गई थी। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वृद्धिचन्द गुर्जर ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा पर ध्यान देना होगा, तब जाकर ही समाज का सही मायनों में विकास होगा। उन्होने कहा कि शिक्षा के अभाव में विकसित समाज की कल्पना करना बेमानी होगी। जिलाध्यक्ष सुरज्ञान सिंह गुर्जर ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर ने टोंक जिला कार्यसमिति पदाधिकारियों एवं तहसील अध्यक्षों को शपथ दिलाकर नियुक्ति पत्र सौंपे।

समारोह में महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, प्रह्लाद सिंह अवाना, अखंड भारत गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण रग्गल, युवा गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश गुर्जर, रामसिंह मुकुल, सुमन गुर्जर, देवराज गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, मोहर सिंह गुर्जर, बंसीलाल डोई, कौशल गुर्जर, राजेन्द्र सराधना, शिवदयाल पंवार, प्रहलाद गुर्जर, राम भरत गुर्जर, श्रवण भोपा, रामकरण गुर्जर, केसरलाल गुर्जर, छोगालाल गुर्जर, उदय लाल गुर्जर, रमेश चंद गुर्जर गिरदावर, कृष्ण गोपाल गुर्जर, बसराम गुर्जर, प्रधान लांबा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राम अवतार धाभाई ने किया। इससे पूर्व भगवान श्री देवनारायण जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आखिर में रामगोपाल गार्ड एवं बाबा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को पुष्पांजली अर्पित की गई।

# नव संवत्सर पर शोभायात्रा निकाली



सीमा सन्देश संवाददाता

**पावटा।** ग्राम खेलना में श्रीराम समिति के तत्वधान में ठाकुरजी मन्दिर से नव संवत्सर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। भक्त भगवा रंग के ध्वज लिए डीजे की धून में और जय श्री राम के नारे, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम आदि लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य बाजार होकर, शीतला मन्दिर, पुराने पंचायत, रामदेव मंदिर, तथा अन्य मार्गों से होती हुई टीलाजी मन्दिर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा शान्ति और सोहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर खेलना सरपंच राजकुमार धानका, पूर्व उपसरपंच सुरेश पाराशर, गजानंद टीलावत, वेदप्रकाश बाकोलिया, शिव कुमार शर्मा, इंद्राज अहीर, नवरत्न सिंह शेखावत, विष्णु पराशर, अरूण मीणा, विष्णु टीलावत, राजेंद्र पारीक, हरिसिंह सिसोदिया तथा अन्य भक्तजन एवं ग्रामीण शामिल थे।

# गणगौर महोत्सव शाहपुरा में 24 को

सीमा सन्देश संवाददाता

**पावटा।** राजस्थान न केवल अपने इतिहास और विरासत को बढ़ावा देता है बल्कि इसकी सुंदरता अपने चमकदार रेगिस्तानों, स्मारकों और रंगीन त्यौहारों में परिलक्षित होती है। इस नोट पर, हम आपको राजस्थान के सबसे खूबसूरत त्योहारों में से एक - गणगौर में ले जाएंगे, जो वास्तव में विविधता की भावना का प्रतीक है।

गणगौर राजस्थान के सबसे रंगीन और शुभ त्योहारों में से एक है- वसंत, फसल और वैवाहिक निष्ठा का उत्सव। जबकि 'गण' भगवान शिव का दूसरा नाम है, ' गौर ' गौरी उर्फ पार्वती, उनकी पत्नी का प्रतीक है, जो वैवाहिक आनंद का प्रतीक भी है। 18-दिवसीय उत्सव विवाहित और अविवाहित दोनों महिलाओं द्वारा मनाया जाता है जहाँ वे उपवास करती हैं, महिलाएं लाल बंधनी साड़ी पहनती हैं और पगड़ी पहने पुरुष ईसर और पार्वती की मिट्टी की मूर्तियों की पूजा करते हैं।जब चमकीले आसमान ने वसंत के उत्सव के मौसम की शुरूआत की, तो राजधानी जयपुर से 60 किमी दूर स्थित सुदूर शहर शाहपुरा सांस्कृतिक रूप से जीवित हो गया, जब ईसर महाराज और गणगौर माता के पवित्र देवताओं को नियमित रूप से सडकों पर ले जाया गया और जोश के साथ पूजा की गई। और पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा भक्ति की गई। इसी के तर्ज पर एक बार फिर 24 मार्च को सुबह 11 बजे से शाहपुरा गणगौर महोत्सव , शाहपुरा हवेली में आयोजित किया जा रहा हैं। आयोजन रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन द्वारा राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जाएगा। रावला मोती महल से शाम 5 बजे ईसर महाराज और गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा पूरे शाही धूमधाम के साथ शुरू होगी। पुरुषों और महिलाओं दोनों को राजस्थान के रंगों में चमकते देखा जा सकेगा। गणगौर माता जी और भगवान ईसर जी महाराज के पवित्र देवताओं के साथ शहर के ज्वलंत बाजारों से गुजरते हुए जुलूस, घोड़ों, ऊंटों, पारंपरिक लोक नर्तकों, पंजाब के पीतल के बैंड, भाले आदि के साथ, अंत में नए बहाल गोपीनाथ में परिवर्तित हो गया । इस दौरान कस्बे में देशी-विदेशी सैलानियों ने उत्सव का आनंद लेगे। रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट के अधिराज सिंह ने बताया कि शाहपुरा गणगौर महोत्सव के प्रमुख आकर्षण राजस्थान के स्थानीय कलाकारों और लोक संगीतकारों के सांस्कृतिक प्रदर्शन , कई प्रकार के क्षेत्रीय नृत्य (नृत्य) जैसे मयूर, नृत्य, मसक नृत्य, बेहपांग नृत्य, जादूगर प्रदर्शन, हॉर्स शो और अन्य पारंपरिक खेल रहेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों के कलाकार अर्थात अपनी सुरीली धुनों और ट्विंकल टोज से शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। शाहपुरा के इस छोटे से गांव के दलित वर्गों के उत्थान के लिए काम करने वाली रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट ने भी एक समारोह में स्थानीय कारीगरों, शहीद,आईएएस/ आईपीएस, खिलाड़ी स्टेट/ इंडिया, लोकल पुलिस, नगर पालिका टॉपर स्टूडेंट शाहपुरा/ विराटनगर पुरुष/ महिला, प्रेस रिपोर्टर्स मंडी मैनेजर, महिला सोशल वर्कर आदि को सम्मानित किया।

### घर-घर घट स्थापना, मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)।** क्षेत्र में बुधवार को चैत्रिय नवरात्रा में घट स्थापना के साथ मंदिरों व घरों में मां भगवती का पूजन शुरू हुआ। पावटा कस्बे के किला वाला देवी माता मंदिर, भौमिया बाबा मंदिर, गोपाल भैय्या मंदिर राठिया वाले, मोदी मंदिर, टोरडा ग्राम में बाबा भरतदास महाराज मंदिर में महन्त मंगलदास महाराज के सानिध्य में भौनावास ग्राम के बाबा बिहारी दास मंदिर में, बडनगर के श्री गोपाल मंदिर में महन्त ज्ञानदास महाराज, कल्याणपुरा ग्राम के ठाकुरजी मंदिर में सन्त मंगलदास महाराज के सानिध्य में घट स्थापना हुई। दांतिल ग्राम के मनसा माता आश्रम, भौनावास ग्राम के श्री मोहन गौशाला में, प्रागपुरा के गुजेडा व नृसिंह मंदिर में, किराडोद ग्राम में बाबा रामदास मंदिर में कारोली ग्राम में बाबा बजरंग दास महाराज मंदिर सहित कई मंदिरो में पूजा अर्चना के साथ घट स्थापना के साथ नवरात्रा पूजन शुरू हुआ। टसकोला ग्राम में स्थित मां जीण माता शक्ति पीठ व बागौरी ग्राम की पहाडी में स्थित मां बागौरी शक्ति पीठ पर घट स्थापना के साथ नवरात्रा पूजन शुरू हुआ।

अधिवक्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

# कानूनी दांव पेच का दौर होगा फिर से शुरू, एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल पारित

सीमा सन्देश संवाददाता

**देवली।** राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन ड्राफ्ट बिल-2021 को राज्य सरकार द्वारा पारित करने की मांग की जा रही थी। बता दें एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को लागू करने की मांग को लेकर पूरे राजस्थान के वकील हड़ताल पर थे। पिछले दिनों जोधपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर वकीलों ने अपनी मांग रखी थी जिस पर बीते गुरुवार को जयपुर में एडवोकेट प्रोटक्शन बिल पर बनी केबिनेट सब कमेटी की बैठक हुई।

इसी विधानसभा सत्र में वकीलों की सुरक्षा के लिए बिल लाने पर सहमति बनी थी विधि मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा बिल के ड्राफ्ट पर विचार कर मौजूदा सत्र में ही इस बिल का पास होना अधिवक्ताओं की एक बड़ी जीत है। उल्लेखनीय है कि जोधपुर के माता का थान थाना इलाके के भदवासिया इलाके में 18 फरवरी को दिनदहाड़े हुई वकील की हत्या को लेकर समस्त अधिवक्ता गणों में रोष व्याप्त था। उस मामले को लेकर निचली अदालतो से राजस्थान हाईकोर्ट तक वकीलों ने न्यायिक कार्यों का



बहिष्कार करते हुए न्यायालयों में उपस्थिति नहीं दी थी। उक्त घटनाक्रम के बाद अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल की मांग तेज की थी। उक्त बिल के आज पारित होने पर देवली अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़ के साथ आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाते हुए खुशी जाहिर की। इस विधेयक का उद्देश्य अधिवक्ताओं के खिलाफ मारपीट, गंभीर चोट, आपराधिक बल और आपराधिक धमकी के अपराधों और अधिवक्ता की संपत्ति को नुकसान या नुकसान की रोकथाम के लिए प्रदान करना है विधेयक की धारा 3 न्यायालय परिसर में अधिवक्ता के कर्तव्यों के निर्वहन के संबंध में अधिवक्ताओं पर हमला, गंभीर चोट, आपराधिक बल और आपराधिक धमकी को निषेध करती है। धारा 4 में प्रावधान है कि एक वकील द्वारा उसके खिलाफ किए गए अधिनियम की धारा 3 में उल्लिखित किसी अपराध के संबंध में पुलिस को दी गई किसी भी रिपोर्ट पर, पुलिस, यदि उचित समझे, तो उसे निर्धारित अवधि के लिए सुरक्षा प्रदान कर सकती है।इस दौरान देवली अभिभाषक संघ अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़, राजेश जैन, बाबूलाल मीणा, बंसीलाल कलवार, अजीत सिंह, शिवजी राम,जितेंद्र शर्मा,अनिल भूरेटा, अनिल चौहान, अमित सेन, मानसिंह मीणा, छीतर सिंह नाथावत, प्रदीप काबरा, भारत सिंह सोलंकी, राजेंद्र जीतरवाल, गुलशेर बना, धर्मराज गुर्जर समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पुरानी टोंक पुलिस ने 12 साल से फरार स्थाई वारंटी को पकड़ा

सीमा सन्देश संवाददाता

**टोंक।** महानिदेशक पुलिस द्वारा स्थाई एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के आदेशानुसार पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व में हैड कानि. रामेश्वर



लाल, कानि. प्रधान एवं रतिराम ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट टोंक से चेक अनादरण मामले में 12 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि डिप्टी सलेह मोहम्मद के सुपरवीजन में अक्षय गुप्ता पुत्र जवाहर गुप्ता (35) साल निवासी महावीर चोक थाना पुरानी टोंक हाल शंकर धाम कालोनी, सेवला मार्ग सेमरी का ताल, आगरा थाना ताजगंज आगरा को गठित टीम द्वारा अथक प्रयास कर गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार किया गया।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 मार्च को

**पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)।** कस्बे के सागर पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के तत्वावधान में इतिहास संकलन समिति जयपुर प्रांत के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 25 मार्च को किया जाएगा। इसका विषय राजस्थान में स्व जागरण और स्वतंत्रता आंदोलन (19वीं एवं बीसवीं शताब्दी के संदर्भ में) है। संगोष्ठी में भाग लेने वाले शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी आयोजन स्थल पर जाकर या ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने आलेख पत्र दिनांक 23 मार्च, 2023 तक ईमेल पर प्रेषित कर देवें। संगोष्ठी में डॉ ओमजी उपाध्याय निदेशक, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली मुख्य वक्ता रहेंगे , डॉ. शैलेंद्र प्रांत प्रचारक मुख्य अतिथि रहेंगे। यह जानकारी आयोजन सह सचिव राजेंद्र शर्मा ने दी।

# सक्षम ने किया जॉइन्ट एडमिशन फॉर मास्टर्स टेस्ट उत्तीर्ण किया



सीमा सन्देश संवाददाता

**पावटा।** हाल ही में आईआईटी गुवाहाटी द्वारा आयोजित करवाए गए जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स 2023 का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें पावटा कस्बा निवासी सक्षम वर्मा ने शानदार नम्बरों के साथ क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि इस परीक्षा को देश की अत्याधिक कठिन प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक माना जाता है। इस परीक्षा में सामान्य श्रेणी की कट ऑफ 12.33 प्रतिशत मार्क्स गई है जबकि सक्षम वर्मा ने 21 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं। जो कि अपने आपमें बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस टेस्ट के माध्यम से देश के शीर्ष विज्ञान एवं प्रौधोगिकी संस्थानों में पोस्ट ग्रेजुएशन व पीएचडी में मिलता है दाखिला। सक्षम वर्मा पावटा कस्बे में स्थित जवाहर नवोदय विद्यायल 12वीं कक्षा पास है तो दिल्ली विश्विद्यालय के रामजस कॉलेज से राशयनशास्त्र एवं गणित विषय में बीएससी ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है। सक्षम वर्मा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव के बडे भाई लक्ष्मीनारायण के सबसे बडे सुपुत्र हैं। इनके दादा स्व. बाबूलाल वर्मा भी जिला रसद अधिकारी से सेवानिवृत हुए थे। जिनका सपना था कि उनकी पौता देश के शीर्ष विज्ञान एवं प्रौधोगिकी संस्थान से उच्च स्तरीय शिक्षा अर्जित करे।

प्रपत्र जी

**भिवाड़ी, राजस्थान स्थित रिअल एस्टेट गतिविधियों में परिचालन सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड के लिए रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (निगमित व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए(1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का सीआईएन/पीएएन सहित नाम | **सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड** सीआईएन नंबर U70100HR2013PTC048795 पैन नंबर AATCS1203P |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | सी- 40 तीसरी मंजिल, व्यापार केंद्र, पालम विहार, गुड़गांव, हरियाणा - 122017 |
| 3. | यूआरएल की वेबसाईट | https:/vww.sarvawashousingbhiwadicirp.in/ |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल आस्तियों का बहुमत स्थित है | खसरा नंबर 130,132 और 133, ग्राम गडपुर, तहसील तिजारा, जिला अलवर, शहरी क्षेत्र भिवाड़ी, राजस्थान स्थित 'अरावली गार्डन्स' |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | शून्य |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | शून्य |
| 7. | कर्मचारियों / कामगारों की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियों सहित अन्य विवरण यहां उपलब्ध हैं: | समाधान पेशेवर को irpsarvawas@gmail.com पर अनुरोध भेजकर मांग की जा सकती है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता उपलब्ध है पर: | समाधान पेशेवर को irpsarvawas@gmail.com पर अनुरोध भेजकर मांग की जा सकती है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 07.04.2023 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 17.04.2023 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 22.04.2023 |
| 13. | ईओआई जमा करने के लिए ईमेल आईडी | irpsarvawas@gmail.com |

हस्ता/-
**परमिंदर सिंह भुल्लर**
आईबीबीआई/आईपीए-002/आईपी-N01127/2021-2022/13700
समाधान पेशेवर
सर्व आवास हाउसिंग भिवाड़ी प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत पताः ई-10/313, मंगल पुरी गली, घानुपर रोड, खंडवाला, पानी की टंकी के पास, अमृतसर- 143104, पंजाब

दिनांकः 23.03.2023
स्थानः अमृतसर